दैनिक **न्याय साक्षी**



## संपादकीय

# इकॉनमी जनता के लिए

रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित 13 अग्रणी अर्थशास्त्रियों ने देश के लिए जो आदर्श आर्थिक रणनीति सुझाई है, उसे व्यापक राजनीतिक विमर्श में लाया जाना चाहिए। इन विशेषज्ञों की यह महत्वपूर्ण पहल ऐसे समय में सामने आई है जब राजनीति में चर्चा का स्तर काफी छिछला हो गया है। अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों के इन जानकारों के बीच आम सहमति पर आधारित 'आर्थिक रणनीति' शीर्षक इस पत्रक से राय यह उभरती है कि देश जिन चुनौतियों से गुजर रहा है, उनमें तीन सबसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं- रोजगार, किसान और पर्यावरण।

दुर्भाग्यवश, पर्यावरण को अभी तात्कालिक महत्व के सवालों में नहीं गिना जाता। उसके बारे में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खूब बोला जाता है, लेकिन बड़े आर्थिक फैसले लेते वक्त इस पर सोचने की जरूरत नहीं महसूस की जाती। रणनीति पत्र पर्यावरण को लेकर एक ऐसा स्वतंत्र नियामक गठित करने की जरूरत बताता है, जिसे सिर्फ महाभियोग के जरिए ही पद से हटाया जा सके। मकसद यह कि देश का राजनीतिक नेतृत्व पर्यावरण संबंधी चिंताओं को अपनी सुविधा और जरूरत के मुताबिक मनचाहे ढंग से मुल्तवी न कर सके। कृषि संकट की गंभीरता को रेखांकित करते हुए भी यह रणनीति पत्र कर्जमाफी का पुरजोर विरोध करता है। रघुराम राजन की राय है कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों को चुनाव में किसान कर्जमाफी जैसे वादे ही न करने दे।

इन आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि कर्ज माफी के बजाय किसानों की आमदनी बढ़ाना और ग्रामीण रोजगार योजना पर जोर देना देश के लिए ज्यादा कारगर विकल्प है। कर्जमाफी जैसे कदम वित्तीय और चालू खाते का घाटा बढ़ा देते हैं, जिससे आर्थिक स्थिरता के मोर्चे पर समस्याएं बढ़ने लगती हैं। रणनीति पत्र रोजगार की कमी को गंभीरता से रेखांकित करते हुए कहता है कि देश में सालाना एक से सवा करोड़ रोजगार सृजित किए जाने जरूरी हैं, जबकि फिलहाल इसका एक बेहद छोटा हिस्सा ही सृजित हो पा रहा है। इन अर्थशास्त्रियों ने यह भी गौर किया है कि निजी क्षेत्र में बढ़ती असुरक्षा और बदतर होती सेवा शर्तों के चलते ज्यादातर युवा सरकारी नौकरियों में घुसने की कोशिश में लगे रहते हैं और इस म में अपने कई साल बर्बाद कर देते हैं। रणनीति पत्र बड़े पैमाने पर अर्ध-कुशल नौकरियों की गुंजाइश बनाने, वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और तटीय क्षेत्रों से दूर के इलाकों में रोजगार उपलब्ध कराने की जरूरत को अलग से रेखांकित करता है।

इस दस्तावेज की सबसे खास बात यह है कि यह आर्थिक विकास को महज आंकड़ों में नहीं देखता। इसका जोर आर्थिक विकास से सामान्य लोगों को मिलने वाले ठोस फायदों पर है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि इसे कुछ अर्थशास्त्रियों की निजी राय के रूप में लेने के बजाय राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन अपनी अंदरूनी बहस का मुद्दा बनाएं।

# अब बैंक अकाउंट्स और सिम के लिए जरूरी नहीं होगा आधार कार्ड

## कानून में संशोधन को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। आधार नंबर को मोबाइल नंबरों और बैंक अकाउंट्स से लिंक करने को वैधता प्रदान करने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने 2 मौजूदा कानूनों में संशोधनों के विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में टेलिग्राफ ऐक्ट और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में संशोधन के मसौदे को मंजूरी दी गई।

गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को लेकर अपने ऐतिहासिक फैसले में प्राइवेट कंपनियों द्वारा ऑनलाइन आधार ऑथेंटिकेशन पर इस साल सितंबर में प्रतिबंध लगा दिया था। कोर्ट के फैसले के बाद दूरसंचार और फिनटेक कंपनियों ने सरकार से आधार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध से छूट की गुहार लगाई थी। सूत्रों के मुताबिक, दोनों मौजूदा कानूनों में




प्रस्तावित संशोधन हो जाने के बाद कोई व्यक्ति नए मोबाइल फोन कनेक्शन लेने और बैंक अकाउंट खोलने के लिए 12 अंक वाली पहचान संख्या को अपनी मर्जी से साझा कर सकेगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला, इसमें आड़े नहीं आएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने आधार ऐक्ट के सेक्शन 57 को खारिज कर दिया था, जिसके तहत सिम कार्ड और बैंक खातों के साथ आधार लिंकिंग अनिवार्य थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि इस प्रावधान का कोई कानूनी आधार नहीं है। यही वजह है कि आधार के जरिए मोबाइल सिम जारी किए जाने को कानूनी समर्थन उपलब्ध कराने के लिए टेलिग्राफ ऐक्ट को संशोधित किया जा रहा है।

इसी तरह, पीएमएलए में संशोधन के बाद लोगों के पास केवाईसी के लिए अपने बैंक अकाउंट को आधार कार्ड से लिंक कराने का विकल्प उपलब्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में आधार की संवैधानिक वैधता पर मुहर लगाते हुए कहा था कि सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं की सब्सिडी के लिए के लिए इसे जरूरी बताया था। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बैंक अकाउंट खोलने या मोबाइल फोन कनेक्शन लेने के लिए आधार को अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने यह फैसला प्रिवेसी की चिंताओं को लेकर दाखिल की गई याचिकाओं पर दिया था।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार चौथे दिन भी बढ़ोतरी

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहा। डीजल के दाम में भी लगातार दूसरे दिन वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में नरमी का रुख बना हुआ है। जानकारों की मानें तो अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार बढ़ने से कीमतों पर दबाव देखा जा रहा है जोकि आगे भी बना रह सकता है। तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में 10 पैसे जबकि मुंबई में नौ पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की। वहीं, डीजल की कीमतों में दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में सात पैसे, जबकि मुंबई में आठ पैसे की बढ़ोतरी की गई।



इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें क्रमशः 70.63 रुपये, 72.71 रुपये, 76.25 रुपये और 73.29 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।चारों महानगरों के पेट्रोल पंप स्टेशनों पर डीजल क्रमशः 64.54 रुपये, 66.30 रुपये, 67.55 रुपये और 68.14 रुपये प्रति लीटर के भाव मिल रहा है।

ब्रेंट क्रूड का फरवरी डिलीवरी वायदा सौदा मंगलवार को आईसीई पर पिछले सत्र के मुकाबले 1.22 फीसदी की कमजोरी के साथ 58.88 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था। वहीं, नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड डब्ल्यूटीआई का फरवरी डिलीवरी अनुबंध 1.27 फीसदी की गिरावट के साथ 49.56 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

एंजेल ब्रोकिंग हाउस के ऊर्जा विशेषज्ञ अनुज गुप्ता ने बताया कि अमेरिका में कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी से लगातार तेल के भंडार में इजाफा हो रहा है जिससे कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

# गूगल की न्यूयॉर्क में 1 अरब डॉलर निवेश की योजना




सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। गूगल ने खुलासा किया है कि वह न्यूयॉर्क में नए कार्यालयों के निर्माण के लिए एक अरब डॉलर का निवेश करेगा। अमेजॉन और एप्पल की विस्तार योजनाओं के बाद गूगल ने यह ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक, कंपनी के ब्लॉग पर गूगल के वाइस प्रेसिडेंट और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर रूथ पोराट ने कहा कि नए कैंपस का नाम गूगल हडसन स्क्वायर होगा, जो 158,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बनेगा और यह मैनहट्टन के सोहो और ग्रीनवकि विलेज के बीच में होगा।

# टीवी देखने वालों के लिए एक जनवरी से बदलेंगे 2 नियम, महंगा पड़ेगा पसंदीदा चैनल देखना

टीवी देखने वालों के लिए एक जनवरी से दो बड़े नियम बदलने वाले हैं. पहला, आपके केबल और DTH का मासिक खर्च बढ़ जाएगा. दूसरा, आप उन्हीं चैनल्स के लिए पैसा देंगे जिन्हें आप देखना चाहते हैं. ऐसा नहीं कि आपने एक महीने का DTH रीचार्ज किया और आपको वो चैनल मिल रहे हैं जिन्हें कोई देखना पसंद नहीं करता. एक जनवरी से आपको हर चैनल MRP पर खरीदना पड़ेगा या फिर आप किसी ग्रुप के चैनल पूरे एक साथ खरीद सकते हैं. मसलन, जी एंटरटेनमेंट से जुड़े सभी 24 चैनल आप देखना चाहते हैं तो आपको करीब 45 रुपए महीना देना होंगे. इकोनॉमिक टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक, टीवी चैनल्स के लिए टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया नई गाइडलाइंस ला रहा है, जो एक जनवरी से लागू होंगी.



### कितना बढ़ेगा बिल?

फिलहाल छोटे कस्बों में केबल/DTH का बिल करीब 200-250 रुपए महीने और छोटे शहरों में करीब 350-400 रुपए का आता है. इतने रुपए में अभी आप सभी रीजनल चैनल सहित कुछ प्रीमियम चैनल भी देख लेते हैं, लेकिन अगले महीनों से आपका ये खर्च करीब 420-450 रुपए महीने का हो सकता है, जिसमें आपको ज्यादातर पसंदीदा चैनल मिल जाएंगे.

अगर आप प्रीमियम, एचडी और स्पोर्ट्स के सभी चैनल देखना चाहते हैं तो आपको करीब 600 रुपए महीने खर्च करने पड़ सकते हैं.

# पर्थ टेस्टः ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 146 रनों से दी मात, सीरीज 1-1 से बराबर



पर्थ (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर यहां पर्थ स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें और आखिरी दिन मंगलवार को भारत को 146 रन से हराकर चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। सीरीज का पहला टेस्ट जीत कर ऐतिहासिक शुरुआत करने वाली विश्व की नंबर एक टीम को अपने बल्लेबाजों के दूसरी पारी में निराशाजनक प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा उसे 146 रन की शर्मनाक पराजय झेलनी पड़ गयी।

आस्ट्रेलिया से मिले 287 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम ने कल 112 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और उस पर हार का खतरा मंडराने लगा था।

भारत ने अंतिम दिन अपने शेष पांच विकेट मात्र 28 रन जोड़कर गंवा दिए और उसकी दूसरी पारी 56 ओवर में 140 रन पर सिमट गयी।

भारत के लिए अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत ने 30-30, हनुमा विहारी ने 28, मुरली विजय ने 20 और कप्तान विराट कोहली ने 17 रन बनाए। बाकी बल्लेबाज दहाई तक भी नहीं पहुंच सके। आस्ट्रेलिया के लिए मिशेल स्टार्क और नाथन लायन ने तीन-तीन जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए।

# जानिए क्या है अध्यात्म



पिछले कुछ समय से अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। इसी वजह से अध्यात्म के क्षेत्र में भी अवमूल्यन हुआ है। अतः स्वस्थ समाज के लिए आत्म जागरण जरूरी है। जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के अनुसार अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद ने प्रभाव डाला है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युग है। इसमें पदार्थ की अधिक इच्छा के कारण व्यक्ति अशांत रहता है। अति योगवाद स्वच्छंद और अनियंत्रित भोगवाद के कारण स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हर मनुष्य को अनुशासित व संस्कारित होना होगा,तभी वह समाज व सृष्टि के लिए उपयोगी होगा और व्यक्ति को संस्कारित करना ही अध्यात्म का काम है। आज मनुष्य उपभोक्ता बनकर रह गया है। जागो ग्राहक के नारे पर सिर्फ बाहर से जगाया जा रहा है, जबकि आज आवश्यकता है आत्म जागरण की। आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही व्यक्ति के अंतर को जगाया जा सकता है। मनुष्य ने जल,वायु और पृथ्वी की निरंतर उपेक्षा से बहुत कुछ बिगाड़ दिया है। आज पीने लायक जल सिर्फ डेढ़ प्रतिशत बचा है। अगर अब भी मनुष्य नहीं जागा तो जल संकट और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम हो रहा है, ऐसे में अत्यंत प्राचीन काल में बने रामसेतु को भी संरक्षित करना चाहिए। यह धर्म विशेष नहीं बल्कि मानव मात्र की योग्यता और क्षमता का ऐतिहासिक प्रमाण भी है। उत्तरकाण्ड एक ऐसी कथा का वर्णन है जिसमें सभी का निचोड़ है। जो व्यक्ति अपनी ज्यादा प्रशंसा सुनना पंसद करता है,वह कभी ऊंचाई नहीं छू पाता। यही अवगुण दशानन रावण में भी था। वह अपनी गलती को स्वीकार न करते हुए प्रशांसा सुनने में ज्यादा मन लगाता था। रावण को कई बार उसकी पत्नी मन्दोदरी और भाई विभीषण ने समझाया लेकिन उसे बात समझ नहीं आई। इसीलिए प्रभु श्रीराम के हाथों रावण का का नाश हुआ।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> गणेशजी की कृपा से आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च हो सकता है।

<u>वृषभः</u> गणेशजी के अनुसार, आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप नए कार्यों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरीपेशा एवं व्यावसायिकों के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्चाधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

<u>मिथुनः</u> मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा हो सकता है। शारीरिक रूप से अशक्त होने और आलस्य के कारण कार्य में उत्साह नहीं रहेगा।

<u>कर्कः</u> आज गणेशजी को आप का दिन प्रतिकूलताओं भरा प्रतीत हो रहा है। अतः सुझाव देते हैं कि किसी नए कार्य का प्रारंभ ना करें व उपचार एवं शल्यचिकित्सा आज न कराएं।

<u>सिंहः</u> गणेशजी को आज का दिन मध्यम फलदायी लगता है। दांपत्य जीवन में तू-तू मैं-मैं हो सकती है। आज व्यापार के क्षेत्र में भी भागीदारों के बीच मनमुटाव हो सकता है।

<u>कन्याः</u> गणेशजी कहते हैं कि आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा और मन भी प्रसन्न रहेगा। सुखद प्रसंग बनेंगे। आपका आरोग्य अच्छा रहेगा।

<u>तुलाः</u> आज आपका दिन सुखपूर्वक बीतेगा। बौद्धिक प्रवृत्तियों एवं चर्चाओं में दिन बीतने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति एवं सृजनात्मकशक्ति का श्रेष्ठ उपयोग आप कर पाएंगे।

<u>वृश्चिकः</u> आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करने की जरूरत है क्योंकि मन चिंताग्रस्त रहने और निजी संबंधियों से अनबन के योग हैं। स्वास्थ्य के विषय में चिंता होगी, धनहानि एवं यशहानि हो सकती है। स्त्रियों एवं पानी से भय रहेगा।

<u>धनुः</u> आज आप गूढ़रहस्यों और आध्यात्मिकता के रंगों में रंगे रहेंगे। बंधु-बांधवों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। नए कार्यों के प्रारंभ के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

<u>मकरः</u> आज आप शेयर मार्केट, सट्टे एवं व्यापार में पूंजी लगाएंगे। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। परिजनों के साथ विवाद से गृहस्थ वातावरण बिगड़ सकता है। गृहणियों को किसी कारणवश मानसिक असंतोष हो सकता है।

<u>कुंभः</u> गणेशजी के अनुसार, आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन लाभदायी है। कुटुंबीजनों एवं मित्रों के साथ सैर-सपाटे पर जा सकते है।

<u>मीनः</u> गणेशजी यह सोचते हैं कि आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी अतः एकाग्रता की कमी हो सकती है। धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है। स्वजनों से आज आप दूर रहें क्योंकि उनसे मनमुटाव की आशंका है।

## सौंठ और मेथी के लड्डू सर्दियों में करेंगे फायदा



सर्दियों में सौंठ और मेथी के लड्डू बहुत ही फायदा करता है। यहां जानें रेसिपीः

<u>सामग्री</u>

- घी- 60 ग्राम
- आटा- 1 कप
- मेथी- 1 चम्मच
- सौंठ- 1 चम्मच
- काली मिर्च- 1 चम्मच
- गुड़ की शक्क र- 4 चम्मच

कड़ाही में घी गर्म करें और उसमें आटे को धीमी आंच पर अच्छी तरह से भून लें। आटे को अच्छी तरह से भूनने में लगभग आधे घंटे का वक्त लगता है। जब आटे का रंग सुनहरा हो जाए तो गैस बंद कर दें। भुने हुए आटे को एक प्लेट में डालकर फैला दें और आटे को ठंडा होने दें। अगर आटा ठंडा नहीं होगा तो उसमें चीनी डालते ही उसका टेक्सचर बदलने लगेगा। एक दूसरे पैन में काली मिर्च, मेथी और सौंठ को सूखा भून लें और पीस लें। जब आटा पूरी तरह से ठंडा हो जाए तो एक बरतन में आटा, काली मिर्च वाला पाउडर, सौंठ और चीनी डालें और हथेलियों की मदद से मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। अब थोड़ी-थोड़ी मात्रा में मिश्रण को हथेलियों के बीच रखें और लड्डू का आकार दें। इच्छा हो तो उसे बादाम और पिस्ता से गार्निश भी कर लें। लड्डू को एयर टाइट डिब्बे में रखें और चार से छह सप्ताह तक इस्तेमाल में लाएं।

## शब्द सामर्थ्य-21

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू-21

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |